रामगंजमंडी धानमंडी में नीलामी बंद से हंगामा

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर की धानमंडी में कच्ची आढ़त से जुड़े व्यापारियों द्वारा नीलामी बंद रखने के निर्णय से मंगलवार को किसानों में भारी आक्रोश फैल गया। बिना पूर्व सूचना के लिए गए इस फैसले से बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच गए, जहां नीलामी बंद होने की जानकारी मिलते ही उन्होंने नाराजगी जताई। किसानों ने बताया कि इस समय गेहूं, धनिया और सरसों की फसल खुले में पड़ी है और मौसम खराब होने की आशंका के चलते उन्हें नुकसान का डर सता रहा है।

किसानों ने मांग की कि मंडी में आए माल की तत्काल खरीद की जाए। इसी दौरान आक्रोशित किसानों ने मंडी के गेट बंद कर दिए और जमकर हंगामा करते हुए प्रशासन व मंडी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। स्थिति बिगड़ने पर व्यापारी, मंडी सचिव और अन्य संबंधित पक्षों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद सहमति बनी कि आज मंडी में जो भी फसल आई है, उसकी खरीद की जाएगी ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके।

व्यापारी संघ अध्यक्ष ने बताया कि आढ़त दर 2 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत किए जाने के विरोध में यह निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर आगामी समय में कृषि मंडी बंद रखी जाएगी। इधर, भारतीय किसान संघ ने भी नीलामी बंद के फैसले का विरोध करते हुए किसानों के समर्थन में उतर आया। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस तरह के निर्णय से पहले पूर्व सूचना दी जाए, ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।

रेजोनेंस में जेईई एडवांस्ड अभ्यर्थियों हेतु ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन

कोटा, (निसं)। देश के अग्रणी कोचिंग संस्थान रेजोनेंस, कोटा में जेईई एडवांस्ड की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में आए विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जेईई (एडवांस) जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी के लिए एक स्पष्ट रोडमैप और रणनीति प्रदान करना था। कार्यक्रम का मार्गदर्शन रेजोनेंस के अनुभवी शिक्षाविदों और विभागाध्यक्षों द्वारा किया गया।

केमिस्ट्री के एचओडी प्रताप राव रघुवंशी फिज़िक्स के एचओडी भरत कुमार मटोरिया और मैथ्स के एचओडी लोकेश खंडेलवाल ने स्टूडेंट्स को सफलता का मूल मंत्र देते हुए अपने अनुभव और विशेषज्ञता के माध्यम से जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए प्रभावी रणनीतियां साझा कीं।

विभागाध्यक्षें ने विद्यार्थियों के लिए एक व्यापक ब्लूप्रिंट पेश किया, जिसमें दैनिक अध्ययन योजना, रिविज़न का तरीका और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तार से समझाया गया। उन्होंने यह भी समझाया कि सही दिशा, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक दृष्टिकोण से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों को भी ये बताया कि तैयारी के इस महत्वपूर्ण दौर में वे अपने बच्चों का मानसिक और भावनात्मक सहयोग कैसे कर सकते हैं।

ओरिएंटेशन के दौरान जहाँ एक ओर विद्यार्थी अपने सपनों के कैरियर की ओर कदम बढ़ाने के लिए उत्साहित दिखे, वहीं अभिभावकों ने भी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। इस सत्र की खास बात यह रही कि इसमें केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया, जो रेजोनेंस की राष्ट्रीय स्तर पर विश्वसनीयता को दर्शाता है।

रेज़ोनेंस कोटा में आयोजित यह ओरिएंटेशन सत्र विद्यार्थियों के लिए उनकी जेईई एडवांस्ड यात्रा की सशक्त शुरुआत साबित हुआ, जहाँ उन्हें न केवल दिशा मिली, बल्कि अपने सपनों को साकार करने का आत्मविश्वास भी प्राप्त हुआ।

कोटा में रेजोनेन्स का ओरिएंटेशन सत्र आयोजित हुआ है।

विशेष एक्सप्रेस का संचालन

कोटा, (निसं)। यात्रियों की ग्रीष्मकालीन अवकाश में बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा आगरा कैंट-उधना-आगरा कैंट के मध्य ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 01907 (आगरा कैंट-उधना) दिनांक 07.04.2026 से 14.07.2026 तक प्रत्येक मंगलवार को 15 फेरों में आगरा कैंट से सायं 18.45 बजे प्रस्थान कर गंगापुर सिटी जंक्शन 22.00 बजे, सवाईमाधोपुर 22.58 बजे, कोटा अगले दिन बुधवार को रात्रि 00.45 बजे होते हुए उसी दिन बुधवार को दोपहर 13.25 बजे उधना पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01908 (उधनादूआगरा कैंट) दिनांक 08.04.2026 से 15.07.2026 तक प्रत्येक बुधवार को 15 फेरों में उधना से 15.25 बजे प्रस्थान कर कोटा जंक्शन अगले दिन गुरुवार को रात्रि 02.20 बजे, सवाईमाधोपुर जंक्शन 03.40 बजे, गंगापुर सिटी जंक्शन 04.30 बजे होते हुए उसी दिन गुरुवार को प्रात: 08.30 बजे आगरा कैंट पहुँचेगी।

कार्यालय नगर पालिका अटरू जिला बारां (राज.)

कमांक ::-न0पा0अ0/SBM/2026/08 दिनांक :-02.04.2026

आम सूचना

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2022 के अनुसार, नगर पालिका अटरू सभी नागरिकों, दुकानदारों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक बैग, स्टायरोफोम, थर्मोकोल, थ्रो अवे प्लास्टिक और प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग, बिक्री, सप्लाई, ट्रांसपोर्ट और भंडारण पर लगाए गए प्रतिबंध का सख्ती से पालन करने का आग्रह करता है। यह कदम प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है।

भारत सरकार द्वारा अधिसूचित इन नियमों के तहत, 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैग और उत्पादों के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध है। इन नियमों का पालन न करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है तथा पॉलिथीन जब्ती पर 100 रूपये की शास्ति आरोपित की जाएगी।

राज.संवाद/सी/26/342 **अधिशाषी अधिकारी**

कार्यालय नगर पालिका अटरू जिला बारां (राज.)

कमांक ::-न0पा0अ0/SBM/2026/14 दिनांक :-02.04.2026

आम सूचना

नगर पालिका अटरू क्षेत्र के समस्त नागरिकों, सफाई कार्य से जुड़े सफाई मित्रों/सफाई कर्मचारियों, ठेका कर्मियों एवं निजी सेप्टिक टैंक सफाई सेवा प्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि सेप्टिक टैंक, सीवर या किसी भी बंद स्थान में बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के मैन्युअल (मानव प्रवेश) खतरनाक प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है। यह कार्य अत्यंत जोखिमपूर्ण है तथा इससे गंभीर दुर्घटना, जान-माल की हानि एवं मृत्यु तक की संभावना रहती है। अतः सेप्टिक टैंक/सीवर की सफाई केवल यांत्रिक साधनों (मशीन द्वारा) एवं मानक सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, गैस डिटेक्टर, हेलमेट, दस्ताने, बूट्स आदि के साथ ही की जाएगी। सेप्टिक टैंक की सफाई का कार्य केवल डिस्लजिंग मशीन के द्वारा ही करवायी जाए। उक्त निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही, जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका अटरू सभी से अपील करती है कि मानव जीवन की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित सफाई पद्धतियों को अपनाएँ।

राज.संवाद/सी/25/370 **अधिशाषी अधिकारी**

कार्यालय नगर पालिका अटरू जिला बारां (राज.)

कमांक ::-न0पा0अ0/SBM/2026/16 दिनांक :-02.04.2026

आम सूचना

नगर पालिका अटरू द्वारा नगर क्षेत्र के समस्त नागरिकों, भवन स्वामियों, बिल्डरों एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जनवरी 2021 के बाद निर्मित किए गए सभी सेप्टिक टैंक भारतीय मानक IS 2470 (भाग-1 एवं भाग-2) के अनुरूप होना अनिवार्य है। उक्त मानक के अनुसार सेप्टिक टैंक का डिजाइन, आकार, दो कक्ष (चैम्बर), इनलेट-आउटलेट व्यवस्था, वेंट पाइप, जलरोधक (वॉटरटाइट) निर्माण एवं सुरक्षित ढक्कन/मैनहोल होना आवश्यक है। IS 2470 मानक के अनुसार सेप्टिक टैंक बनवाना इसलिए आवश्यक है क्योंकि - मल-जल एवं गंदे पानी का वैज्ञानिक व सुरक्षित निस्तारण होता है, बदबू, ओवरफ्लो एवं संक्रामक बीमारियों का खतरा कम होता है, सेप्टिक टैंक की सुरक्षा, मजबूती एवं दीर्घकालिक उपयोग सुनिश्चित होता है। भविष्य में किसी भी नए निर्माण, विस्तार अथवा नवीनीकरण के समय इन मानकों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नगर पालिका अधिनियम तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

राज.संवाद/सी/25/375 **अधिशाषी अधिकारी**

सार-समाचार

वर्ल्ड हेल्थ डे पर मोशन एजुकेशन में सेमिनार

कोटा, (निसं)। वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर मंगलवार को मोशन एजुकेशन के दक्ष कैंपस में विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को जंक फूड से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और स्वस्थ खान-पान व जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.सीबी दास गुप्ता ने छात्रों को बताया कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में जंक फूड का बढ़ता प्रचलन युवाओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक मात्रा में तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड लेने से मोटापा, डायबिटीज, हृदय रोग और पाचन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद बेहद जरूरी है। डॉ.गुप्ता ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने दैनिक आहार में हरी सब्जियां, फल, प्रोटीन युक्त भोजन और पर्याप्त पानी को शामिल करें। साथ ही उन्होंने स्क्रीन टाइम कम करने और फिजिकल एक्टिविटी बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर मोशन एजुकेशन के नीट डिवीजन हेड एवं ज्वाइंट डायरेक्टर अमित वर्मा ने कहा कि छात्रों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य उनकी सफलता की नींव है। संस्थान केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में सीनियर फैकल्टी रेनू सिंह सहित अन्य शिक्षकों की भी उपस्थिति रही। सेमिनार के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने छात्रों को यह संदेश दिया कि सही आदतें ही बेहतर भविष्य की कुंजी हैं।

जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने जानलेवा हमले के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 20 फरवरी को फरियादी ने जवाहर नगर थाने में जानलेवा हमले की रिपोर्ट दी, फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम ने जानलेवा हमले के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानों पर दबिश दी। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था आरोपी पर 10 हजार इनाम राशि घोषित की गई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने कड़ी मेहनत, आसूचना संकलन व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे घोड़ा बस्ती निवासी सतीश को गिरफ्तार किया। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि 20 फरवरी को फरियादी ने जवाहर नगर थाने में जानलेवा हमले की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा कि दो-तीन जनो ने उस पर जानलेवा हमला किया, मामले में कार्यवाही करते हुए पूर्व में दो आरोपी कमल उर्फ चौका व कोहनुर को गिरफ्तार किया था, मामले में आरोपी सतीश फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर लिया है, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

विधायक सिंघवी ने भूलभुलैया चौराहे पर रोड लाइट व संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की

छबड़ा (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वार्ता के दौरान वरिष्ठ विधायक सिंघवी ने कहा कि बारां के एनएच- 27 पर स्थित भूलभुलैया चौराहे पर अंधेरा रहने के कारण कई गंभीर सड़क हादसे एवं लूट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे आमजन में भय एवं असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। इस समस्या के समाधान हेतु उन्होंने चौराहे पर शीघ्र रोड लाइट लगवाने की मांग की। विधायक सिंघवी ने एनएच से लगने वाले बारां शहर के प्रवेश व निकास मार्गों समेत अन्य प्रमुख सड़क मार्गों पर संकेतक (साइन बोर्ड) स्थापित करवाने की आवश्यकता भी बताई, ताकि वाहन चालकों को सही दिशा-निर्देश मिल सके और दुर्घटनाओं में कमी आए। इस पर नेशनल हाईवे के उच्चस्तरीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जून माह तक सभी मांगों को पूर्ण कर दिया जाएगा। विधायक सिंघवी ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनेगी।

जमीनी विवाद में घायल की मौत

बूंदी (निसं)। रायथल थाना क्षेत्र के बम्बोरी गांव में 20 दिन पूर्व जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में घायल हुए 50 वर्षीय दुर्गा लाल बैरवा की मौत हो गई। दुर्गा लाल की मौत के बाद परिजनों में भारी आक्रोश है। परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि पुलिस ने अभी तक आरोपियो को गिरफ्तार नही किया है। मौत के बाद परिजनों ने आक्रोशित होकर जिला अस्पताल मोर्चरी के बाहर विरोध जताते हुए प्रशासन से मांग की है की परिवार को आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। बेरवा समाज के लोग प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर पहुंचे और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने की मांग की। उपखंड अधिकारी के आश्वासन के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

कांस्टेबल ने रूपयों व गहनो से भरा पर्स महिला को लौटाया

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर इलाके में कांस्टेबल को गश्त के दौरान रूपयों व गहनो से भरा महिला का पर्स मिला, जिसे कांस्टेबल ने इमानदारी का परिचय देते हुए महिला को लौटाया। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान ओपेरा रोड पर कांस्टेबल सुनील को एक महिला का पर्स बरामद हुआ, पर्स में 7,750 रूपये नकद व सोने चांदी के गहने व महिला की आईडी बरामद की। थानाधिकारी ने बताया कि महिला के पर्स में मिली आईडी के आधार पर घण्टाघर मकबरा निवासी शाकिरा पत्नी अब्दुल गफ्फार को थाने बुलाकर पर्स महिला को सकुशल सौंपा गया। जिस पर उक्त महिला द्वारा पुलिस की ईमानदारी व कार्य की सराहना भी की गई।

पन्नाधाय सुरक्षा सप्ताह आयोजित

बूंदी (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग, बूंदी द्वारा संचालित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र के अंतर्गत आयोजित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के तहत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, विकास नगर, बूंदी में बालिकाओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभाग के सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभाग की सुपरवाइजर प्रमिला द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत बालिकाओं को दी जाने वाली सहायता, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी।

मऊ-वलसाड-मऊ ग्रीष्मकालीन विशेष एक्सप्रेस का संचालन

कोटा, (निसं)। यात्रियों की ग्रीष्मकालीन अवकाश में बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा मऊ-वलसाड-मऊ के मध्य ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 05017 (मऊ-वलसाड) दिनांक 04.04.2026 से 09.05.2026 तक प्रत्येक शनिवार को 06 फेरों में मऊ जंक्शन से प्रात: 06.00 बजे प्रस्थान कर बयाना जंक्शन 21.33 बजे, गंगापुर सिटी जंक्शन 22.30 बजे, कोटा जंक्शन रात्रि 00.50 बजे, रामगंजमंडी 01.53 बजे, भवानीमंडी 02.16 बजे होते हुए अगले दिन रविवार को दोपहर 12.35 बजे वलसाड पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05018 (वलसाड-मऊ) दिनांक 05.04.2026 से 10.05.2026 तक प्रत्येक रविवार को 06 फेरों में वलसाड से दोपहर 15.10 बजे प्रस्थान कर भवानीमंडी 01.03 बजे, रामगंजमंडी 01.28 बजे, कोटा जंक्शन 02.35 बजे, गंगापुर सिटी जंक्शन 04.35 बजे, बयाना जंक्शन 06.43 बजे होते हुए अगले दिन सोमवार को रात्रि 22.45 बजे मऊ जंक्शन पहुँचेगी।

विपक्ष जनता को भड़काने और अफवाह फैलाने का काम कर रहा है : मदन राठौड़

कोटा, (निसं)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर राष्ट्रभक्ति की कमी का आरोप लगाते हुए कहा कि आम जनता उन्हें राष्ट्रभक्ति सिखा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही कांग्रेस को राष्ट्रभक्ति के रास्ते पर लेकर आएगी।

राठौड़ ने धुरंधर फिल्म को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस को इस फिल्म से भी आपत्ति है जो चोर की दाढ़ी में तिनका जैसी बातों को दर्शाता है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि विपक्ष देश में हाहाकार, लूट-खसोट व अराजकता की स्थिति बनाना चाहता है। वह जनता को भड़काने और अफवाह फैलाने का काम कर रहा है।

राठौड़ कोटा दौरे पर आए थे। इस दौरान राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रहे हैं इस नीति के बारे में क्या और कितना जानते हैं। वर्तमान में एक फिल्म धुरंधर-1 और धुरंधर-2 में कई घटनाओं को बताया गया है। नोटबंदी करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नकली नोटों पर हमला बोला है।

राठौड़ ने कहा कि धुरंधर फिल्म पर उन्होंने राज्यसभा में बोला है। जब वे सदन में बोल रहे थे तो कांग्रेस के लोग नीचे गर्दन झुकाकर बैठे रहे कोई भी व्यक्ति विरोध में नहीं बोला। अब कांग्रेस इस फिल्म का भी विरोध कर रही है। जब उनसे पूछा गया कि आपके अनुसार यह फिल्म सत्य तथ्यों पर आधारित है तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है लेकिन फिल्में बनती रहती हैं, परवाह नहीं करनी चाहिए।

कांग्रेस विरोध कर रही है इसका मतलब चोर की दाढ़ी में तिनका वाली बात हुई।

राजनीतिक नियुक्तियों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी संगठन से नाम नहीं मांगे गए हैं। जल्द ही संगठन से नाम मांगे जाएंगे और उसके बाद राजनीतिक नियुक्तियां होंगी। संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता को मौका मिलेगा। यह काम आने वाले एक-दो महीने में हो जाएगा।

कोटा दौरे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-3687 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-30.03.26

आवास संख्या 2-डी-47 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री घासी लाल पुत्र श्री सुख लाल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री सतीश तोमर पुत्र श्री हाकिम सिंह के नाम दिनांक 23.02.2010 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री सतीश तोमर पुत्र श्री हाकिम सिंह द्वारा दिनांक 31.03.2010 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री सतीश तोमर पुत्र श्री हाकिम सिंह की मृत्यु दिनांक 26.09.2023 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों मे पूजा तोमर पुत्री स्व. श्री सतीश सिंह तोमर एवं श्री आयुष तोमर पुत्र स्व. श्री सतीश सिंह तोमर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक परित्याग पत्र आलेखित कर दिनांक 16.12.2024 को श्रीमती ममता तोमर पत्नी स्व. श्री सतीश सिंह तोमर के पक्ष में किया गया। श्रीमती ममता तोमर पत्नी स्व. श्री सतीश सिंह तोमर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-डी-47 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक परित्याग पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक परित्याग पत्र के आधार पर श्रीमती ममता तोमर पत्नी स्व श्री सतीश सिंह तोमर के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती ममता तोमर पत्नी स्व. श्री सतीश सिंह तोमर के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती ममता तोमर पत्नी स्व. श्री सतीश सिंह तोमर के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

कोटा में भाजपा के नए भवन का शिलान्यास

कोटा, (निसं)। शहर के 80 फीट रोड पर भाजपा के नए भवन का शिलान्यास सोमवार को हुआ। इस दौरान हवन-पूजन व वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान के सभी कार्यालयों से बड़ा कोटा का कार्यालय बनेगा।

कांग्रेस का कार्यालय नई दिल्ली में पंडित दीनदयाल मार्ग पर है ऐसे में मैंने चुटकी लेते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से कहा कि आपको भी पंडित दीनदयाल के मार्ग पर आना पड़ेगा। राठौड़ ने कहा कि 16 तारीख से बिल में लोकसभा व विधानसभा में 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षण लागू हो जाएगा।

इस बात से कुछ नेताओं को चिंता हो रही है लेकिन नेता परेशान न हो राजस्थान में विधानसभा की संभवत: 300 सीटें हो जाएंगी। हमारे विरोधी और कांग्रेस के नेता भी हमारे कामकाज के तरीके की तारीफ कर रहे हैं।

कांग्रेस के थिंक टैंक माने जाने वाले शशि थरुर ने भी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में है इसलिए देश सुरक्षित है। यहां तक कि भाजपा को गाली देने वाले आनंद शर्मा ने भी आवश्यक सामग्री के मामले में पीएम मोदी की प्रशंसा की है। कांग्रेस के सांसद व मंत्री रहे मनीष तिवारी ने भी खुलकर व्यवस्था की तारीफ की है।

राठौड़ ने कहा कि होर्मुज से गैस व तेल के टैंकर आ रहे हैं। घर की कमी बताने वाला वफादार नहीं हो सकता। वह देशभक्त नहीं होता।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि जनसंघ के जमाने में नेताओं को पता होता था कि उन्हें टिकट मिल रहा है लेकिन वे जीतेंगे नहीं फिर भी पार्टी के निर्देश पर चुनाव के मैदान में उतर जाते थे। केवल दीपक के चुनाव चिन्ह को घर-घर पहुंचाना है। हमारे पुराने कार्यकर्ताओं की भूमिका क्या है इसे भी देखना चाहिए। पहले आर्थिक तंत्र व सहायता नहीं मिलती थी।

एक वाहन से पूरी विधानसभा में प्रचार होता था। डीजल की व्यवस्था भी पार्टी के कार्यकर्ता करते थे। आज माहौल बदल गया है। संदीप शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस सड़क का नाम भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर हो। 80 फीट रोड का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग तथा पास में प्रस्तावित निर्माणाधीन पार्क का नाम प्रेरणा स्थल किए जाने की मांग उठाई गई।

लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि मेरे लिए दोगुनी खुशी है क्योंकि यह कार्यालय मेरी विधानसभा क्षेत्र में बन रहा है। मंच पर शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर सहित अन्य नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में कोटा शहर और देहात के पूर्व जिला अध्यक्षों का स्वागत भी किया गया।

कार्यालय नगर पालिका अन्ता जिला-बारां (राज.)

क्रमांक:-न.पा.अ./भूमि/2026/53-56 प्रारूप-10 दिनांक : 7.4.2026

(नियम 6 (7) देखिए)

लोक सूचना

संस्कार सेवा संस्थान, जयपुर जर्ये कमल चन्द शर्मा पुत्र श्री नन्दलाल शर्मा निवासी दुर्गापुरा जयपुर जिला-बारां (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के संस्थागत उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला-बारां तहसील-अन्ता	राजस्व ग्राम रातडियां पटवार हल्का बालाखेडा तह. अन्ता	671, रकबा 0.65 है. में से 0.38 हैक्ट.	3800 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ....को जारी की गयी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका अन्ता

लोकसभा अध्यक्ष को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया

रावतभाटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को रावतभाटा प्रवास पर रहे। उनके आगमन पर शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। रावतभाटा स्थित न्यू कम्युनिटी सेंटर, अनु प्रताप कॉलोनी (आवास परिसर गेट नंबर-4) में नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक डॉ.सुरेश धाकड ने भी अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास, विशेषकर सड़क निर्माण एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ.मंजू चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद मल्होत्रा सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

लोकसभा अध्यक्ष के इस दौरे को क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नागरिक अभिनंदन समारोह ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करते हुए जनभागीदारी का प्रभावी संदेश भी दिया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किये गये हैं।

कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)

क्रमांक-ननिको/जोन-3/भ.नि.अनु./2026/429 दिनांक- 7.4.26

नाम हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री मनीष लड्ढा पुत्र स्व. श्री शिव नारायण लड्ढा निवासी भूखण्ड संख्या 363-ए. महावीर नगर प्रथम, कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 363-ए, महावीर नगर प्रथम, कोटा क्षेत्रफल 462.5 वर्ग फुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण किये जाने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 363-ए, महावीर नगर प्रथम, कोटा क्षेत्रफल 462.5 वर्ग फुट का स्वामित्व कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 624-625 दिनांक 14.07.2000 से श्री शिवनारायण लड्ढा पुत्र श्री लाल चन्द के नाम हस्तांतरित किया गया। श्री शिवनारायण लड्ढा ने जर्ये रजिस्टर्ड वसीयत नामा दिनांक 24.11.2020 से उक्त भूखण्ड की वसीयत श्री मनीष लड्ढा पुत्र श्री शिव नारायण लड्ढा के नाम कर दी। श्री शिव नारायण लड्ढा का देहावसान दिनांक 08.12.2023 को हो जाने के उपरान्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण किये जाने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त मूल भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)

क्रमांक-ननिको/जोन-3/भ.नि.अनु./2026/430 दिनांक- 7.4.26

नाम हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री प्रदीप जैन पुत्र श्री त्रिलोक चन्द जैन एवं श्रीमती निर्मला जैन पत्नी श्री त्रिलोक चन्द जैन निवासी भूखण्ड संख्या एमपीए 51. महावीर नगर द्वितीय, कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा में आवेदन प्रस्तुत भूखण्ड संख्या 609, महावीर नगर द्वितीय, कोटा क्षेत्रफल 961.94 वर्ग फुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण किये जाने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 609, महावीर नगर द्वितीय, कोटा का आवंटन कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा पत्र क्रमांक एफ (3026) आवंटन/न.वि.न्या./ दिनांक 17.06.1976 से श्री सुन्दर लाल जैन पुत्र श्री नन्द लाल जैन को किया गया। श्री सून्दर लाल जैन ने जर्ये रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांक 01.12.2010 से उक्त भूखण्ड उपहार स्वरूप श्री प्रदीप जैन पुत्र श्री त्रिलोक चन्द जैन एवं श्रीमती निर्मला जैन पत्नी श्री त्रिलोक चन्द जैन को को प्रदान कर दिया। आवेदको द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण किये जाने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त मूल भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा